दूरभाष / Ph. : 0532-2569727
# क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
# REGIONAL OFFICE, U. P. POLLUTION CONTROL BOARD
आवास विकास परिषद कालोनी, सेक्टर-10, योजना संख्या-3, झूंसी, प्रयागराज – 211019
Avas Vikas Parishad Colony, Sector-10, Scheme No. 3, Jhunsi, Prayagraj

संदर्भ सं० 60/742 / पी– 285/2021

दिनांक 17/2/2021

सेवा में,

प्रभारी अधिकारी (आयुध),
कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट,
फतेहपुर। 212601

विषयः श्री ज्ञानचन्द्र यादव पुत्र श्री सत्यदेव यादव निवासी बेलवार तहसील मछली शहर जनपद जौनपुर के पक्ष में भूमि स्थित ग्राम बरौरा केएम–स्टोन संख्या 537 एण्ड 538 तहसील बिन्दकी जनपद फतेहपुर की गाटा संख्या 1880 पर हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, 17 जमशेद जी टाटा रोड मुंबई द्वारा नये रिटेल आउटलेट की स्थापना अनापत्ति के सम्बन्ध में आख्या प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपने पत्र सं० मेमो 332/20–विविध/आयुध/2020 दिनांक 04.12.2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के माध्यम से प्रस्तावित स्थल का मानचित्र व अन्य अभिलेख संलग्न कर श्री ज्ञानचन्द्र यादव पुत्र श्री सत्यदेव यादव निवासी बेलवार तहसील मछली शहर जनपद जौनपुर के पक्ष में भूमि स्थित ग्राम बरौरा केएम–स्टोन संख्या 537 एण्ड 538 तहसील बिन्दकी जनपद फतेहपुर की गाटा संख्या 1880 पर हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, 17 जमशेद जी टाटा रोड मुंबई द्वारा नये रिटेल आउटलेट की स्थापना अनापत्ति निर्गत किये जाने की आख्या चाही गयी है।

उपरोक्त के संबंध में प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण इस कार्यालय द्वारा दिनॉक 29.01.2021 को कराया गया। स्थल निरीक्षण आख्या संलग्न है। प्रस्तावित स्थल के प्राप्त प्रस्ताव एवं संलग्नक के परीक्षणोपरान्त संदर्भित हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के नये रिटेल आउट लेट पम्प पर परिसंकटमय रसायनों के विनिर्माण, तथा सुरक्षा रिपोर्ट पेट्रोलियम नियम 2002 भण्डारण एवं आयात नियम 2016 के प्राविधानों के समुचित अनुपालन में दुर्घटना की स्थिति से निपटने हेतु पर्याप्त अग्निशमन संयंत्र की व्यवस्था, आकस्मिक दुर्घटना से निपटान हेतु इमरजेन्सी नम्बर से संबंधित डिस्प्ले बोर्ड की व्यवस्था, स्थल के आस पास ईधन/ज्वलनशील पदार्थो के दहन को रोकने की व्यवस्था, आकस्मिक दुर्घटना से निपटने की सुरक्षा रिपोर्ट एक माह में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया जाना उचित होगा। न्यू रिटेल आउटलेट के भण्डारण एवं बिक्री के प्रयोग से किसी प्रकार का औद्योगिक उत्प्रवाह जनित नहीं किया जायेगा तथा घरेलू जल/मल के निस्तारण हेतु उपयुक्त क्षमता का सेप्टिक टैंक/सोकपिट की स्थापना करना आवश्यक होगा। स्थल पर यदि जनरेटर की स्थापना की जाती है तो एकास्टिक इनक्लोजर एवं मानकों के अनुरूप एग्जास्ट की व्यवस्था सुनिश्चित कराया जाना भी उचित होगा।

अतएव उक्त बिन्दुओं का अनुपालन कराये जाने की शर्तो के साथ श्री ज्ञानचन्द्र यादव पुत्र श्री सत्यदेव यादव निवासी बेलधार तहसील मछली शहर जनपद जौनपुर के पक्ष में भूमि स्थित ग्राम बरौरा केएम–स्टोन संख्या 537 एण्ड 538 तहसील बिन्दकी जनपद फतेहपुर की गाटा संख्या 1880 पर हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, 17 जमशेद जी टाटा रोड मुंबई द्वारा नये रिटेल आउटलेट की स्थापना अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत किये जाने की संस्तुति की जाती है।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय,

(प्रदीप कुमार विश्वकर्मा)
क्षेत्रीय अधिकारी
17.02.2021

SIDDHARTH JAIN
Chief Regional Manager
Kanpur Retail Regional Office
Hindustan Petroleum Corporation Limited

E:\sunil Kumari Petrol PUMP/lab

**श्री ज्ञानचन्द्र यादव पुत्र श्री सत्यदेव यादव निवासी बेलवार तहसील मछली शहर जनपद जौनपुर के पक्ष में भूमि स्थित ग्राम बरौरा केएम–स्टोन संख्या 537 एण्ड 538 तहसील बिन्दकी जनपद फतेहपुर की गाटा संख्या 1880 पर हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, 17 जमशेद जी टाटा रोड मुंबई द्वारा नये रिटेल आउटलेट की स्थापना अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत किये जाने संबंधी निरीक्षण आख्या।**

---

उपरोक्त संदर्भित स्थल का निरीक्षण दिनांक 29.01.2021 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया गया। निरीक्षण के समय उद्योग प्रतिनिधि के रूप में श्री ज्ञानचन्द्र यादव उपस्थित थे। निरीक्षण के समय उपस्थित उद्योग प्रतिनिधि एवं दृष्टिगोचर हुए तथ्यों से प्राप्त जानकारी सहित निरीक्षण आख्या निम्नवत है:–

- प्रस्तावित स्थल पर नये रिटेल आउटलेट का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।
- प्रस्तावित स्थल अक्षांश–26.001356 एवं देशान्तर–80.736609 पर स्थित हैं।
- प्रस्तावित स्थल ग्राम बरौरा केएम–स्टोन संख्या 537 एण्ड 538 तहसील बिन्दकी जनपद फतेहपुर की गाटा संख्या 1880 पर स्थित है।
- प्रस्तावित स्थल पर किसी भी प्रकार का निर्माण नही पाया गया।
- प्रस्तावित रिटेल आउट लेट के चारों ओर की स्थिति निम्नवत् है:–
- पूरब दिशा – कृषि भूमि तत्पशचात लगभग 1.5 किमी0 की अनुमानित दूरी पर गांव जैनपुर की आबादी स्थित हैं।
- पश्चिम दिशा– लगभग 100 मीटर की अनुमानित दूरी पर गोदाम तथा औद्योगिक क्षेत्र मलवां की औद्योगिक इकाईया स्थित हैं।
- उत्तर दिशा – फतेहपुर–कानपुर हाई–वे तत्पश्चात कृषि भूमि एवं लगभग 1.0 किमी0 की अनुमानित दूरी पर नहर स्थित हैं।
- दक्षिण दिशा – लगभग 800 मी0 की अनुमानित दूरी पर गांव वाहिदपुर की आबादी एवं मुगल मार्ग (बिन्दकी रोड) स्थित हैं।

उपरोक्त बिन्दुओं के अनुसार रिटेल आउट लेट की स्थापना हेतु स्थल उचित प्रतीत होता है। अतः अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने की संस्तुति सहित आख्या आपके अवलोकनार्थ एवं आवश्यक अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर प्रस्तुत है।

12/02/2021

रामजस प्रसाद
(अनुश्रवण सहायक)

सहायक पर्यावरण अभियंता/क्षेत्रीय अधिकारी महोदय

12/02/2021
AEE

15/02/2021

SIDDHARTH JAIN
Chief Regional Manager
Kanpur Retail Regional Office
Hindustan Petroleum Corporation Limited